
**धोलावाड़ रोड पर कार्रवाई**

# मात्र साढ़े तीन घंटे में दल ने उखाड़ दी सीसी रोड


**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहर में नगर निगम द्वारा लगातार तीसरे दिन अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई का दौर जारी रहा। साढ़े तीन घंटे तक चली कार्रवाई में शनिवार को धोलावाड़ रोड पर 0.80 हेक्टेयर भूमि पर बन रही अवैध कॉलोनी की सीसी रोड को पोकलेन मशीन से उखाड़ दिया। बड़ी बात यह रही कि कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा।

निगम की धोलावाड़ रोड पर कार्रवाई सुबह 11 बजे से शुरू हुई। बड़ी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में निगम के उपयंत्री राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी आदि ने कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान कॉलोनी निर्माण की शुरुआत के दौरान जो सीसी रोड बनाई जाती है उसको उखाड़ दिया गया। धोलावड़ रोड पर आशीर्वाद डेवलपर्स की अवैध कॉलोनी में कार्रवाई के दौरान निगम के बड़े अधिकारी वीसी में व्यस्त रहने के चलते नहीं आए, लेकिन फोन पर जानकारी लेते रहे। बता दे कि कलेक्टर व निगम के प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर यह कार्रवाई नगर निगम कर रहा है। निगम के कॉलोनी सेल के प्रभारी सुरेशचंद्र व्यास ने बता शनिवार सुबह 11 बजे धोलावड़ रोड स्थित आशीर्वाद डेवलपर्स की भूमि सर्वे नंबर 773/3, 775/4, 776/1 एवं 777/2 के स्वामी पंकज पिता समीरलाल बर्डिया, सुमित पिता बंशीलाल गांधी, राजेश पिता बाबूलाल कटकानी एवं अरुण पिता विजेंद्रकुमार पितलिया द्वारा काटी अवैध कॉलोनी की 200 मीटर लंबी एवं 8 मीटर चौड़ी सीसी रोड के अलावा बाउंड्रीवॉल पोकलेन मशीन से तोड़ी गई।

नगर निगम सीमा में जितनी भी अवैध कॉलोनियां है, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका
14-11-2021

## जिला प्रशासन ने अपने इरादे किए स्पष्ट



# विधायक की कलेक्टर से मुलाकात के बाद शनिवार को धोलावाड़ रोड़ पर दिया तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर विधायक चेतन्य काश्यप की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से अवैध कॉलोनी एवं निर्माण पर हो रही कार्रवाई को लेकर की गई मुलाकात के बाद सभी की निगाहें इस बात पर थी कि अब शनिवार को प्रशासन की कार्रवाई पर रोक लगेगी या नहीं, लेकिन आज धोलावाड़ रोड़ पर प्रशासन ने कार्रवाई को अंजाम देकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं कि अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

ज्ञातव्य है कि अवैध कॉलोनियों एवं निर्माण के खिलाफ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रशासनिक अमले द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। प्रशासन की तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

इस संबंध में 1 दिन पूर्व प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े कुछ लोगों ने शहर विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर अपना पक्ष भी रखा था, जिसके बाद शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कल शाम को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात की और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के पूर्व उन्हें कंपाउंडिंग और नियमितीकरण का अवसर देने के लिए कहा। शहर विधायक इस मुलाकात के बाद प्रॉपर्टी बाजार में चर्चा थी कि अब कार्रवाई थम जाएगी। सभी की निगाहें प्रशासन पर थी। 15/11/21

### कार्रवाई कर इरादे किए स्पष्ट

शनिवार को कार्रवाई रुकने और न रुकने की चर्चाओं के बीच धोलावाड़ रोड़ पर कार्रवाई को अंजाम देकर प्रशासन ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। प्रशासनिक अमले ने धोलावाड़ रोड़ पर भूखंड काटकर वहां बनाई गई सड़क और बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। शनिवार को हुई इस कार्रवाई के बाद अब शहर में अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई की संभावना ने जोर पकड़ लिया है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो अवैध कॉलोनियों में कंपाउंडिंग का कोई प्रावधान नहीं है। कंपाउंडिंग सिर्फ वैध कॉलोनी में ही की जा सकती है। अवैध कॉलोनियों को नियमितीकरण के लिए नियम अनुसार पूरी प्रक्रिया अपनानी होगी।

### इनका कहना है

नियम विपरित किए गए निर्माण को लेकर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। अवैध निर्माणों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

• कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर रतलाम

15/11/21

14-11-2021

# अवैध कॉलोनाइजेशन के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी - आयुक्त झारिया

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर लगाम लगाने हेतु अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाए गए यह मुहिम आगे भी सतत् जारी रहेगी।



आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कॉलोनी विकास की अनुमति के बिना अवैध रूप से कॉलोनी निर्माण करने पर मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन तथा शर्तें) नियम 1998 के अन्तर्गत अवैध कालोनाइजेशन के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी तथा नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण तोड़ने हेतु निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रुपए प्रति घन्टे के मान से राशि वसूली जाएगी जिसके तहत उक्त कॉलोनी निर्माण करने वालों को अवैध निर्माण तोड़ने की राशि वसूलने हेतु शीघ्र नोटिस जारी किया जा रहा है। श्री झारिया ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम सतत् जारी रखी जाएगी।

जिला, निगम और पुलिस प्रशासन की इस संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को कनेरी रोड पर सर्वे क्रमांक 863/1 रकबा 1.89 हैक्टर भूमि पर भूमि पर श्रीमती राधाबाई शर्मा, राकेश शर्मा, विशाल शर्मा व अन्य 17 द्वारा सीसी सड़क, बाउण्ड्रीवॉल व 6 स्ट्रीट लाइट पोल तथा सीवर लाइन कार्य को हटाया गया। इस पूरी कार्रवाई की वीडियों रिकार्डिंग कराई जाकर पंचनामा भी बनाया गया है।

अवैध कॉलोनियों में हुए निर्माण को ध्वस्त करने के साथ ही इनके कालोनाइजरों के विरूद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार संज्ञेय अपराध होने से कारावास एवं अर्थदण्ड की कार्रवाई हेतु पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी।

स्वदेश

स्वदेश
14-11-2021

# विधायक काश्यप के पत्र पर मंत्री सकलेचा ने औद्योगिक क्षेत्र में सी.सी रोड़ व पुलिया निर्माण के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति दी

प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम



प्रदेश के सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-1 (ए) में 2 आंतरिक सड़कों पर सीसी रोड निर्माण एवं सेक्टर-(ए) आंतरिक सीसी रोड तथा 3 ह्युम पाईप पुलियाओं सहित अन्य निर्माण कार्यो हेतु ढाई करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। सकलेचा से विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम प्रवास के दौरान पत्र सौंपकर स्वीकृति जारी करने का आग्रह किया था।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-1 (ए) में 677 मीटर लम्बी सीसी रोड निर्माण हेतु लघु उद्योग निगम द्वारा 103.96 लाख का प्राक्कलन दिया गया है। जबकि सेक्टर (ए) में 210 मीटर की सीसी रोड एवं 3 ह्युम पाईप पुलियाओं के निर्माण हेतु 35.49 लाख रूपए का प्राक्कलन दिया गया था। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने इसे उद्योग आयुक्त भोपाल को प्रेषित कर रखा था। मंत्री श्री सकलेचा ने पत्र से इस विषय की जानकारी मिलने पर तत्काल सीसी रोड़ एवं ह्युम पाईप पुलियाओं के निर्माण के साथ अन्य कार्यों के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति दी, इससे औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन सुलभ होगा और स्वच्छता रहेगी।

प्रसारण

प्रसारण
14-11-2021

# औद्योगिक क्षेत्र : 2.5 करोड़ से सीसी रोड व पुलिया बनेगी

## विधायक काश्यप के पत्र पर मंत्री सकलेचा ने दी स्वीकृति

भास्कर संवाददाता | रतलाम



विधायक काश्यप का पत्र स्वीकारते मंत्री सकलेचा।

भास्कर

औद्योगिक क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कें सीमेंट कांक्रीट की बनेंगी। इसके अलावा तीन पुलियाओं सहित अन्य विकास कार्य होंगे। इन पर 2.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विधायक चेतन्य काश्यप के पत्र पर शनिवार को एक दिनी दौरे पर आए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने स्वीकृति दी है।

विधायक काश्यप ने बताया औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-1 (ए) में 677 मीटर लंबी सीसी रोड बनाने के लिए लघु उद्योग निगम ने 103.96 लाख का प्राक्कलन दिया है। वहीं, सेक्टर (ए) में 210 मीटर की सीसी रोड और 3 पाइप पुलियाओं के लिए 35.49 लाख रुपए लगेंगे। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उद्योग आयुक्त भोपाल को पहले पत्र भेज चुका था। विधायक काश्यप द्वारा सौंपे पत्र पर मंत्री सकलेचा ने तत्काल सीसी रोड एवं पुलियाओं के निर्माण के साथ अन्य कार्यों के लिए 2.5 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए। विधायक ने बताया सड़कों व पुलियाओं के बनने से औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन सुलभ होगा।

दै. भास्कर
14-11-2021

15 नवंबर तक समाधान नहीं तो वेतन रोकने से लेकर बर्खास्तगी

# एक्शन मोड में निगमायुक्त : निगम के 27 अधिकारी, कर्मचारियों को शोकाज नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर में शिकायत होने के बाद तय समय में समाधान करने में नगर निगम के 27 कर्मचारी व अधिकारी कमजोर साबित हुए। अब इन सभी को शोकाज नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके अलावा 15 नवंबर तक समाधान अनिवार्य रुप से करने को कहा गया है, अन्यथा वेतन कटने की शुरुआत हो जाएगी। जिनको नोटिस जारी हुए उनमे नगर निगम के दो सिटी इंजीनियर शामिल है।

सीएम हेल्पलाईन में नगर निगम से संबंधित दर्ज शिकायत का निराकरण 15 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से करने की बात कहकर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के 27 अधिकारी, कर्मचारियों को सूचना पत्र जारी कर दिया है। इसमे तय समय पर कार्रवाई नहीं होने पर स्थायी कर्मचारियों वेतन ही रोकने व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने की चेतावनी दी गई है।

## 15 नवंबर तक करना होगा

आयुक्त झारिया ने 100 दिन से अधिक समय व 300 दिन से अधिक समय तक लंबित शिकायत का मामला सामने आने के बाद कड़ा संदेश देते हुए यह कार्रवाई की हैं। इन शिकयत में मुख्य रुप से प्रधानमंत्री आवास योजना व अतिक्रमण से संबंधित शिकायत का निराकरण 15 नवम्बर तक करना होगा।

## इनको जारी हुए नोटिस

जिनको नोटिस जारी किए गए है उनमे निगम के सिटी इंजीनियर मोहम्मद हनीफ शेख, एससी व्यास, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, प्रभारी सहायक यंत्री एसपी आचार्य, अरविन्द दशोत्तर, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, मनीश तिवारी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर, झोन प्रभारी सर्वश्री एपी सिंह, पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया, सहायक वर्ग-2 रामचन्द्र शर्मा, अब्दुल मुजीब खान, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्रसिंह गेहलोत, सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर, हरीष मिश्रा, सहायक राजस्व उप निरीक्षक अंजनीप्रसाद मिश्रा, फायरमैन देवेन्द्र पुरोहित, स्थायीकर्मी कुलदीप भट्ट, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मोहित हितिया को शोकाज नोटिस दिया गया है। पत्रिका

पत्रिका
14-11-2021

## अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को नियमितीकरण का अवसर दिया जाए - काश्यप

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा है कि अवैध कॉलोनियों एवं निर्माण को कम्पाउंडिंग के नए नियमों एवं अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के नियमों के तहत यदि नियमित किया जा सकता है तो इसकी संभावना देखी जानी चाहिए। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर कुमार पुरुषोतम से चर्चा की और कहा कि अवैध कॉलोनियों में अनावश्यक तोड़फोड़ से पहले यदि उनके नियमितीकरण एवं कम्पाउंडिंग की संभावना हो तो शासन की मंशानुसार इस हेतु एक अवसर दिया जाए। प्रापर्टी व्यवसायियों ने विधायक श्री काश्यप से मुलाकात कर इस संदर्भ में चर्चा की थी। श्री काश्यप ने कलेक्टर से चर्चा में कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूखण्ड खरीदने वाले लोगों के हितों पर ध्यान दिया जाए एवं अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार रहे अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाए, जिससे भविष्य में शहर में कोई अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनी ना बने। इसके लिए ठोस कदम उठाए जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया उपस्थित थे।

स्वदेश

14-11-2021

## मंत्री सकलेचा ने दी ढाई करोड़ की स्वीकृति दी

रतलाम ● प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-1 (ए) में 2 आंतरिक सड़कों पर सीसी रोड निर्माण एवं सेक्टर-(ए) आंतरिक सीसी रोड तथा 3 ह्युम पाइप पुलियाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों हेतु ढाई करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। श्री सकलेचा से विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम प्रवास के दौरान पत्र सौंपकर स्वीकृति जारी करने का आग्रह किया था। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-1 (ए) में 677 मीटर लम्बी सीसी रोड निर्माण हेतु लघु उद्योग निगम द्वारा 103.96 लाख का प्राक्कलन दिया गया है। जबकि सेक्टर (ए) में 210 मीटर की सीसी रोड एवं 3 ह्युम पाइप पुलियाओं के निर्माण हेतु 35.49 लाख रुपए का प्राक्कलन दिया गया था। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने इसे उद्योग आयुक्त भोपाल को प्रेषित कर रखा था।

स्वदेश

14-11-2021

# रसूख पर प्रहार : धोलावड़ रोड स्थित अवैध कॉलोनी की सीसी रोड भी तोड़ी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रसूखदारों द्वारा बिना अनुमति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार तीसरे दिन जारी रही। शनिवार को नगर निगम, राजस्व और पुलिस अमले ने धोलावड़ रोड की अवैध कॉलोनी में बनाई जा रही सड़क और बाउंड्रीवॉल को तोड़ा। अब जमीन मालिक सुमित पिता बंशीलाल गांधी, राजेश पिता बाबूलाल कटकानी, पंकज पिता समीरमल और अरुण पिता विजेंद्र पितलिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन चारों द्वारा सर्वे नंबर 773/3, 775/4, 776/1, 776/2 की 1.125 हेक्टेयर जमीन पर बिना परमिशन कॉलोनी का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जा रहा है। 8 मीटर चौड़ी और 200 मीटर लंबी सीसी रोड और 350 मीटर बाउंड्रीवॉल शामिल हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कराई रिकॉर्ड की जांच के



धोलावड़ रोड की अवैध कॉलोनी में बनाई जा रही बाउंड्रीवॉल तोड़ती जेसीबी।

बाद शनिवार को सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, इंजीनियर बृजेश कुशवाह, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी ने मौके पर जाकर जेसीबी, पोकलेन मशीन से निर्माण तोड़ दिया। बाकी दो जमीन मालिकों के पास टीएंडसीपी समेत अन्य दस्तावेज थे। निगम इंजीनियरों की टीम दस्तावेज जांचेंगी।

दै. भास्कर
14-11-2021

# कामर्स कालेज के पास आडिटोरियम बनेगा

## रिडेंसिफिकेशन योजना के प्रस्ताव बने

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। रिडेंसिफिकेशन योजना में जिला समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में हुई। कलेक्टर कक्ष में आयोजित बैठक में रतलाम सहित जावरा तथा सैलाना में रिडेंसिफिकेशन के तहत किए जाने वाले कार्यों के प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन अनुमोदित किए गए। इसमें रतलाम शहर में 119 करोड़ रुपये के काम होंगे।

अनुमोदन के बाद सभी प्रतिवेदन सैद्धांतिक सहमति के लिए शासन को भेजे जा रहे हैं। इसके बाद डीपीआर बनेगी और टेंडर के बाद काम प्रारंभ होंगे। मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल मानीटरिंग एजेंसी रहेगा। बैठक में एसपी गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी अनुरागसिंह, हाउसिंग बोर्ड के उज्जैन उपायुक्त प्रबोध पराते, इंदौर उपायुक्त वाइके दोहरे, हाउसिंग बोर्ड कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, सहायक यंत्री वीएस सिसौदिया, नगर एवं ग्राम निवेश के उपसंचालक सीएल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

> रिडेंसिफिकेशन योजना के कार्यों से शहर विकास को गति मिलेगी एवं व्यापार व्यवसाय ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। समृद्धि बढ़ेगी।
>
> – चैतन्य काश्यप
> विधायक रतलाम शहर

### सैलाना में तहसील और एसडीएम कार्यालय व विश्रामगृह नया बनेगा

बैठक में सैलाना के विश्रामगृह की 0.87 हेक्टेयर भूमि तथा परियोजना कार्यालय सैलाना की 0.50 हेक्टेयर भूमि का वाणिज्यिक उपयोग करने और सैलाना में अन्य स्थान पर 1968 लाख रुपये की लागत से नवीन विश्रामगृह, नवीन तहसील, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, प्रशासकीय संकुल तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए आवासगृहों के निर्माण प्रस्ताव भी अनुमोदित किए गए।

### जावरा में भी जेल शिफ्ट होगी, आडिटोरियम बनेगा

बैठक में जिले की जावरा उपजेल परिसर के भवनों के जीर्ण शीर्ण होने व जेल सघन आवासीय एवं वाणिज्य क्षेत्र में आ जाने से रिडेंसिफिकेशन में उप जेल की भूमि वाणिज्य उपयोग में लेने व नवीन जेल परिसर ग्राम भूतेड़ा में 5.50 हेक्टेयर में निर्माण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। संपूर्ण जेल परिसर तथा शासकीय आवासों के निर्माण पर लगभग 22 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसके अलावा जावरा में 300 दर्शक क्षमता वाले आडिटोरियम निर्माण के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया है जो छह करोड़ रुपये में बनेगा।

### रतलाम शहर में इन योजनाओं पर होगा काम

**1- बिबड़ौद में नई जेल**

प्रस्ताव के अनुसार सागोद रोड बिबड़ौद में नई जेल बनाई जाएगी। बताया गया कि वर्तमान जेल परिसर की 1.7038 हेक्टेयर भूमि वाणिज्य उपयोग में ली जाएगी। वर्तमान जेल भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है। जेल भूमि शहर के सघन आवासीय एवं वाणिज्य क्षेत्र में आती है। सागोद रोड बिबड़ौद में 30.40 हेक्टेयर भूमि का उपयोग करते हुए 6276 लाख रुपये की लागत से जेल का मुख्य भवन, जेल विभाग के 76 आवासगृहों तथा परिसर के चारों ओर कंक्रीट की बाउंड्रीवाल बनेगी।

**2- 1000 दर्शकों की क्षमता वाला आडिटोरियम**

शहर के लिए 14.25 करोड़ रुपये की लागत से 1000 दर्शक क्षमता का आडिटोरियम कामर्स कालेज के पीछे बनाया जाएगा।

**3 - 325 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड**

नागरिक विश्रांति गृह से शहर सराय तिराहे तक 325 लाख रुपये की लागत से सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया।

**4- सैलाना रोड पर शासकीय आवास बनेंगे**

सैलाना रोड पर सर्वे नंबर 278 में से 0.30 हेक्टेयर भूमि का उपयोग वाणिज्य रूप में किया जाना है। शहर में राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए शासकीय आवासगृहों का निर्माण भी किया जाएगा। जिनकी लागत 2356 लाख रुपये होगी। इनमें 10 ई-टाइप, 48 एफ टाइप तथा 48 जी टाइप क्वार्टर होंगे।

नईदुनिया

# काश्यप के पत्र पर मंत्री सकलेचा ने दी रोड व पुलिया के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति

रतलाम »
दबंग रिपोर्टर



प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-1 (ए) में 2 आंतरिक सड़कों पर सीसी रोड निर्माण एवं सेक्टर-(ए) आंतरिक सीसी रोड तथा 3 ह्युम पाईप पुलियाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों हेतु ढाई करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। सकलेचा से विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम प्रवास के दौरान पत्र सौंपकर स्वीकृति जारी करने का आग्रह किया था।

विधायक काश्यप ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-1 (ए) में 677 मीटर लम्बी सीसी रोड निर्माण हेतु लघु उद्योग निगम द्वारा 103.96 लाख का प्राक्कलन दिया गया है जबकि सेक्टर (ए) में 210 मीटर की सीसी रोड एवं 3 ह्युम पाईप पुलियाओं के निर्माण हेतु 35.49 लाख रुपए का प्राक्कलन दिया गया था। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने इसे उद्योग आयुक्त भोपाल को प्रेषित कर रखा था। मंत्री सकलेचा ने पत्र से इस विषय की जानकारी मिलने पर तत्काल सीसी रोड एवं ह्युम पाईप पुलियाओ के निर्माण के साथ अन्य कार्यों के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति दी। इससे औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन सुलभ होगा और स्वच्छता रहेगी।

दबंग इंडिया
15/7/2021

# विधायक काश्यप के पत्र पर मंत्री सकलेचा ने औद्योगिक क्षेत्र में सीसी रोड व पुलिया निर्माण के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति दी



रतलाम। प्रदेश के सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-1 (ए) में 2 आंतरिक सड़कों पर सीसी रोड निर्माण एवं सेक्टर-(ए) आंतरिक सीसी रोड तथा 3 ह्युम पाईप पुलियाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों हेतु ढाई करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। सकलेचा से विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम प्रवास के दौरान पत्र सौंपकर स्वीकृति जारी करने का आग्रह किया था। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-1 (ए) में 677 मीटर लम्बी सीसी रोड निर्माण हेतु लघु उद्योग निगम द्वारा 103.96 लाख का प्राक्कलन दिया गया है। जबकि सेक्टर (ए) में 210 मीटर की सीसी रोड एवं 3 ह्युम पाईप पुलियाओं के निर्माण हेतु 35.49 लाख रूपए का प्राक्कलन दिया गया था। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने इसे उद्योग आयुक्त भोपाल को प्रेषित कर रखा था। मंत्री श्री सकलेचा ने पत्र से इस विषय की जानकारी मिलने पर तत्काल सीसी रोड एवं ह्युम पाईप पुलियाओ के निर्माण के साथ अन्य कार्यों के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति दी। इससे औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन सुलभ होगा और स्वच्छता रहेगी।

इन्दौर
इन्दौर समाचार

# मेगा कैंप में हितग्राहियों को बांटे 143.36 करोड़ रुपये के ऋण



बरबड़ स्थित विधायक सभागार में ऋण वितरित करते हुए सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा आदि। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बरबड़ विधायक सभागृह पर शनिवार को क्रेडिट आउटरीच अभियान के तहत आयोजित मेगा कैंप में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को 143.36 करोड रुपये के ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए गए। मुख्य अतिथि प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा तथा विशिष्ट अतिथि रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप रहे। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के एमडी तथा सीईओ एमवी राव, बैंक के फील्ड जनरल मैनेजर एसडी माहुरकर तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री सकलेचा ने कहा कि जीरो बैलेंस पर खाते खोलने की योजना से अब आम आदमी तक सरकार की मदद सीधे पहुंच रही है। प्रदेश के हर एक जिले में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योगों का जाल बिछाया जाएगा। विधायक काश्यप ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच जैसे कार्यक्रम यह दर्शा रहे हैं कि शासन द्वारा आमजन की भलाई के लिए उनके बीच जाकर कार्य किया जा रहा है। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के एमडी राव ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रदेश के 52 जिलों तथा 313 ब्लाक में आयोजित किए जा रहे हैं जिनके माध्यम से कोरोना के बाद की अर्थव्यवस्था को नई गति तथा पुनर्जीवन देना है। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम शहर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। एट लेन एक्सप्रेस निर्माण के पश्चात रतलाम जिले के विकास को नए आयाम प्राप्त होंगे। सेंट्रल बैंक के फील्ड जनरल मैनेजर माहुरकर ने कहा कि शासन की नीतियों के कारण आज बैंके स्वयं हितग्राहियों को लाभ देने के लिए उनके बीच पहुंच रही है। कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण अंचलों की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पाद को मंत्री सकलेचा तथा बैंक एमडी राव द्वारा मंच पर नगद राशि देकर खरीदा गया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक के रीजनल मैनेजर बीआर रामकृष्ण नायक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया, शासकीय अधिकारी, विभिन्न बैंकों के अधिकारी कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कृषकगण आदि उपस्थित रहे।

### इनको मिले ऋण

मेगा कैंप में 143.36 करोड़ रुपये के ऋण में जिले के 100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों को 7 करोड़ 87 लाख रुपये, सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम के तहत 336 हितग्राहियों को 55 करोड़ 54 लाख रुपये, रिटेल के तहत 99 हितग्राहियों को 49 करोड़ 92 लाख, कृषि क्षेत्र के 606 हितग्राहियों को 21 करोड़ 81 लाख रुपये, पीएम मुद्रा में 131 हितग्राहियों को 5 करोड़ 50 लाख रुपये, मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर में 66 हितग्राहियों को 12 लाख रुपये के ऋण वितरित किए गए।

## औद्योगिक क्षेत्र में सीसी रोड व पुलिया निर्माण के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति

रतलाम। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-एक (ए) में दो आंतरिक सड़कों पर सीसी रोड निर्माण व सेक्टर-(ए) आंतरिक सीसी रोड, तीन ह्युम पाइप पुलियाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए ढाई करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। सकलेचा से विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम प्रवास के दौरान पत्र सौंपकर स्वीकृति जारी करने का आग्रह किया था। विधायक काश्यप ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-एक (ए) में 677 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण के लिए लघु उद्योग निगम द्वारा 103.96 लाख का प्राक्कलन दिया गया है। जबकि सेक्टर (ए) में 210 मीटर की सीसी रोड व तीन ह्युम पाइप पुलियाओं के निर्माण हेतु 35.49 लाख का प्राक्कलन दिया गया था। जिला व्यापार व उद्योग केंद्र ने इसे उद्योग आयुक्त भोपाल को प्रेषित कर रखा था। मंत्री सकलेचा ने पत्र से इस विषय की जानकारी मिलने पर तत्काल सीसी रोड व ह्युम पाइप पुलियाओं के निर्माण के साथ अन्य कार्यों के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति दी। इससे औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन सुलभ होगा और स्वच्छता रहेगी।

नईदुनिया 14-11-2021

# विधायक की कलेक्टर से मुलाकात के बाद धोलावाड़ रोड पर चली जेसीबी

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर विधायक चेतन्य काश्यप की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से अवैध कॉलोनी एवं निर्माण पर हो रही कार्रवाई को लेकर की गई मुलाकात के बाद सभी की निगाहें इस बात पर थी कि अब शनिवार को प्रशासन की कार्रवाई पर रोक लगेगी या नहीं, लेकिन धोलावाढ रोड पर प्रशासन ने कार्रवाई को अंजाम देकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं कि अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

ज्ञातव्य है कि अवैध कॉलोनियों एवं निर्माण के खिलाफ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रशासनिक अमले द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। प्रशासन की तोडफोड़ की कार्रवाई को लेकर प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में 1 दिन पूर्व प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े कुछ लोगों ने शहर विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर अपना पक्ष भी रखा था जिसके बाद शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कल शाम को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात की और अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के पूर्व उन्हें कंपाउंडिंग और नियमितीकरण का अवसर देने के लिए कहा। शहर विधायक इस मुलाकात के बाद प्रॉपर्टी बाजार में चर्चा थी कि अब कार्रवाई थम जाएगी। सभी की निगाहें प्रशासन पर थी।



**इनका कहना है**

नियम विपरीत किए गए निर्माण को लेकर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। अवैध निमार्णों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

• कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर रतलाम

## कार्रवाई कर इरादे किए स्पष्ट

शनिवार को कार्रवाई रुकने और न रुकने की चर्चाओं के बीच धोलावाड़ रोड पर कार्रवाई को अंजाम देकर प्रशासन ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। प्रशासनिक अमले ने धोलावाढ रोड पर भूखंड काटकर वहां बनाई गई सड़क और बाउंड्रीवॉल को तोड़ दिया। शनिवार को हुई इस कार्रवाई के बाद अब शहर में अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई की संभावना ने जोर पकड़ लिया है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो अवैध कॉलोनियों में कंपाउंडिंग का कोई प्रावधान नहीं है। कंम्पाउंडिंग सिर्फ वैद्य कॉलोनी में ही की जा सकती है। अवैध कॉलोनियों को नियमितीकरण के लिए नियमानुसार पूरी प्रक्रिया अपनानी होगी।

दबंग इंडिया
15-11-2021

# कल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को वितरित हुए 143.36 करोड़ के ऋण

## - रतलाम में क्रेडिट आउटरीच अभियान के तहत मेगा कैंप संपन्न - सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, विधायक चैतन्य काश्यप, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एम डी श्री राव शामिल हुए

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के तत्वावधान में लाम बरबड़ विधायक सभागृह पर शनिवार को डिट आउटरीच अभियान के तहत मेगा कैंप योजित हुआ। कैंप में शासन की कल्याणकारी जनाओं के तहत हितग्राहियों को 143.36 ोड रुपए के ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा उपलब्ध ाए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के प्रदेश सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश कलेचा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लाम शहर चैतन्य काश्यप सेंट्रल बैंक ऑफ डया के एमडी तथा सीईओ एम.वी. राव, बैंक के ल्ड जनरल मैनेजर एस.डी. माहुरकर तथा लेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शामिल हुए। कार्यक्रम सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर .आर. रामकृष्ण नायक जिला अग्रणी बैंक बंधक दिलीप सेठिया, शासकीय अधिकारी भिन्न बैंकों के अधिकारी कर्मचारी, स्वयं हायता समूहों की महिलाएं कृषकगण आदि स्थित थे।

इस अवसर पर प्रदेश के सूक्ष्म लघु मध्यम द्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने अपने बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तृत्व में देश तरक्की की ओर लगातार अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री जनधन अभियान का उल्लेख रते हुए श्री सकलेचा ने कहा कि यह केंद्र सरकार ा दूरगामी सोच वाला एक कदम था। जीरो बैलेंस र खाते खोलने की योजना से अब यह हो गया है कि आम आदमी तक सरकार की मदद सीधे पहुँच रही है। श्री सकलेचा ने रतलाम विधायक श्री चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की सराहना करते हुए कहा कि दोनों के सक्रिय प्रयासों कार्य एवं गतिशीलता से रतलाम में विकास के नए आयाम स्पर्श किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने चेतन्य काश्यप फाउन्डेशन द्वारा पूर्व में रतलाम के परिवारों को रोजगार देने, उनको घर उपलब्ध कराने जैसे अच्छे कार्यों का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि वाली योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि आदि योजनाओं का जिक्र करते हुए श्री सकलेचा ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं से आम आदमी को बड़ा लाभ मिल रहा है।

स्ट्रीट वेंडर जैसी योजना ने छोटे व्यवसायियों को बगैर ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया है जिससे उनके व्यापार को जरूरी मदद मिली है। योजना पहले 10 हजार रुपए बगैर ब्याज के मिलते हैं उसे चुकता करने के बाद बगैर ब्याज के 20 हजार रुपये और उसको भी चुकता करने के बाद 50 हजार रुपए ऋण उपलब्ध कराने का प्रावधान है। श्री सकलेचा ने कहा कि प्रदेश के हर एक जिले में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योगों का जाल बिछाया जाएगा, सबके सहयोग से मिलकर हम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में हम बढ़ रहे हैं। मंत्री श्री सकलेचा ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सर्वोच्च अधिकारी एमडी तथा सीईओ एमवी राव भी उपस्थित हैं।

विधायक चेतन्य काश्यप ने अपने उदबोधन में कहा कि क्रेडिट आउटरीच जैसे कार्यक्रम यह दर्शा रहे हैं कि शासन द्वारा आमजन की भलाई के लिए उनके बीच जाकर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता वाली योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। शासन की एक जिला एक उत्पाद योजना जैसी अनूठी योजना में रतलाम जिले के नमकीन तथा लहसुन की फसल की ब्रांडिंग के साथ ही व्यवसायियों किसानों को तरक्की और समृद्धि मिलेगी। बीमा सुरक्षा जैसी योजनाओं से नई जाग्रति आई है। क्रेडिट आउटरीच अभियान ने देश में एक अलग ही जाग्रति उत्पन्न की है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एम.वी. राव ने कहा कि भारत सरकार ने बैंकों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम प्रारम्भ किए हैं। कोरोना काल में ठप्प हुए रोजगार से निर्मित स्थिति में बैंकों द्वारा प्रदत्त सेवाओं को सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया। उन्होंने कहा एक कार्य योजना के तहत क्रेडिट आउटरीच जैसे कार्यक्रम प्रदेश के 52 जिलों तथा 313 ब्लॉक में आयोजित किए जा रहे हैं जिनके माध्यम से कोरोना के बाद की अर्थव्यवस्था को नई गति तथा पुनर्जीवन देना है। बैंककर्मियों ने सरकार की सहायता को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य किया।

श्री राव ने कहा कि वर्तमान समय मे केंद्र सरकार ने छोटे व्यवसायियों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कर ऐतिहासिक कार्य किया है। छोटे व्यवसायियों के साथ-साथ मेक इन इंडिया के अंतर्गत नए उद्योग और कृषि के क्षेत्र में कई कार्यक्रम और योजनाएं बैंकों के माध्यम से प्रारंभ की है। इसमें आरबीआई की महत्वपूर्ण भूमिका रखी गई है। इससे आने वाले समय में अर्थव्यवस्था में कई बड़े बदलाव नजर आएंगे। देश की जीडीपी की ग्रोथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने जा रही है। अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए किए जा रहे बैंकिंग योगदान के लिए उन्होंने देश भर के बैंककर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बैंककर्मी देर रात तक रूककर अपने लक्ष्य को और सरकार की मंशा को पूरा कर रहे है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने उदबोधन में कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी श्री राव का रतलाम कार्यक्रम में आना गौरव की बात है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रतलाम जिले की लीड बैंक है। जिले को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सदैव सम्मिलित रखें। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम शहर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। 8 लेन एक्सप्रेस निर्माण के पश्चात रतलाम जिले के विकास को नए आयाम प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने आग्रह किया कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं के तहत आमजन को लाभ दिलवाने के लिए बैंक अपनी ऋण प्रक्रिया को और आसान बनाएं।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड जनरल मैनेजर एस.डी. माहुरकर ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की नीतियों के कारण आज बैंके स्वयं हितग्राहियों को लाभ देने के लिए उनके बीच पहुंच रही है। इसका उदाहरण है क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत मेगा कैंप जैसे आयोजन और शासन द्वारा व्यापक स्तर से रोजगार मुहैया कराने तथा महिला सशक्तिकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं जो सभी वर्गों को आर्थिक रूप से मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में उल्लेखनीय क्षण था जब जिले के ग्रामीण अंचलों की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पाद को मंत्री श्री सकलेचा तथा बैंक एमडी श्री राव द्वारा मंच पर नकद राशि देकर खरीदा गया।



### 143 करोड रुपए से ज्यादा राशि के ऋण वितरित

रतलाम में आयोजित मेगा कैंप में ऐतिहासिक रूप से 143.36 करोड़ रुपए के विभिन्न वर्गों को बैंकों द्वारा अतिथियों के हाथों वितरित कराए गए। जिले के 100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों को 7 करोड़ 87 लाख रुपए के ऋण प्रदान किए गए। इसी तरह सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम के तहत 336 हितग्राहियों को 55 करोड़ 54 लाख रुपए के ऋण वितरण किए गए। रिटेल के तहत 99 हितग्राहियों को 49 करोड़ 92 लाख के, कृषि क्षेत्र के 606 हितग्राहियों को 21 करोड़ 81 लाख रुपए, के, पीएम मुद्रा में 131 हितग्राहियों को 5 करोड़ 50 लाख रुपए के, मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर में 66 हितग्राहियों को 12 लाख रुपए के ऋण वितरित किए गए।

प्रसारण 14-11-2021

# शहर में ऑडिटोरियम बनेगा, नवीन जिला जेल बिबड़ोद में बनाई जाएगी



रतलाम। रीडेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला समिति की बैठक गत दिवस कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में रतलाम सहित जावरा तथा सैलाना मै रीडेंसीफिकेशन के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन अनुमोदित किए गए रतलाम शहर में 119 करोड रुपए के नवीन कार्य रीडेंसीफिकेशन योजना के तहत किए जाना है अनुमोदित कई सारे कार्यों से विधायक श्री चैतन्य काश्यप की मंशानुसार शहर के विकास को गति मिलेगी एवं व्यापार व्यवसाय ऊंचाइयों पर पहुंचेगा, समृद्धि बढ़ेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी अनुरागसिंह, हाउसिंग बोर्ड के उज्जैन उपायुक्त प्रबोध परते, इंदौर उपायुक्त वाइ.के. दोहरे, हाउसिंग बोर्ड कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, सहायक यंत्री वी.एस. सिसोदिया, नगर एवं ग्राम निवेश के उपसंचालक सी.एल. वर्मा आदि उपस्थित थे। बैठक में जिन प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदनों का अनुमोदन किया गया है वे सैद्धांतिक सहमति के लिए शासन को भेजे जा रहे हैं। इसके पश्चात डीपीआर बनेगी, निविदा पश्चात कार्य प्रारंभ होंगे। मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल मॉनिटरिंग एजेंसी रहेगा। प्रस्ताव के अनुसार सागोद रोड बिबड़ोद में नवीन जेल बनाई जाएगी। बताया गया कि वर्तमान जेल परिसर की 1.7038 हेक्टेयर भूमि वाणिज्य उपयोग में ली जाएगी। सागोद रोड बिबड़ोद में 30.40 हेक्टेयर भूमि का उपयोग करते हुए 6276 लाख रुपए लागत से नवीन जेल के मुख्य भवन, जेल विभाग के 76 आवासगृहों तथा परिसर के चारों और कांक्रीट की बाउंड्रीवाल बनेगी। एक और प्रस्ताव में रतलाम शहर के लिए 1425 लाख रुपए लागत से 1000 दर्शक क्षमता वाले ऑडिटोरियम निर्माण की प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। ऑडिटोरियम कामर्स कालेज के पीछे बनाया जाएगा।

15-11-2021

# मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है सड़कों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे-विधायक काश्यप

रतलाम । विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन तक बनने वाले सीसी रोड़ के कार्य का समारोहपूर्वक भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने आश्वस्त किया है कि सड़क निर्माण के लिए रतलाम को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, करणधीर्य बड़गोत्या मंचासीन रहे।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रवास के दौरान फरवरी माह में शहर की सड़को के नव निर्माण हेतु 120 करोड़ की पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्रीजी ने सड़कों के कारण शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठाना पड़े इसलिए 2-3 वर्ष में ही पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूर्ण हो गया है, इसका लाभ शहरवासियों को जल्द ही देखने को मिलेगा। सीवरेज लाईन के कारण नालियों में सिर्फ बारिश का पानी ही रहेगा और वर्ष भर वे सूखी रहेगी। इससे बीमारियां भी खत्म होगी।

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम को महानगर बनाने के प्रयास हो रहे हैं। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। श्री काश्यप ने शहरवासियों से आयुष्मान भारत कार्ड एवं संबल कार्ड बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव के लिए सभी शहरवासियों से टीकाकरण पूर्ण कराने का आह्वान करते हुए कहा कि पहली लहर में टीका नहीं था तो दूसरी लहर आई। यदि अब टीकाकरण हो गया तो तीसरी लहर पर विजय प्राप्त हो जाएगी।

भूमि पूजन समारोह में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव ने कहा कि हमे ऐसा नेतृत्व मिला है जो रतलाम को नगर से महानगर बनने की ओर ले जा रहा है। मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने कहा कि विधायक श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम के समग्र विकास की अवधारणा साकार हो रही है। पूर्व पार्षद पप्पु पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम का समूचा विकास हुआ है। उनके वार्ड में कोई कार्य शेष नहीं रहा है। कार्यक्रम के आरंभ में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख ने सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण के कार्य की लागत 46 लाख रुपए है। इसके करीब 17 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने इस मौके पर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के चौतरफा विकास के लिए विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार नारायण सांकला ने माना। कार्यक्रम में मनीषा शर्मा, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदोरिया, देवशंकर पाण्डेय, सुशील सिलावट, पवन सोमानी, प्रकाश बंशीवाल, विनोद यादव, नितिन पांडे, विनोद आचार्य, जयेश वसावा, सुशील नागर, अभय जैन, संतोष तिवारी, जयश्री राठौर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीगण उपस्थित थे।

ओपन एक्सप्रेस

14-11-2021

नवभारत

## जनजागरूकता से दिया वैक्सीनेशन का संदेश

रतलाम। वैक्सीनेशन के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए रतलाम शहर में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन की अपील संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं। विभिन्न व्यापारिक संस्थानों, मल्टीप्लेक्स, प्रतिष्ठानों द्वारा ग्राहकों से अपील भी की जा रही है कि वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक रहें। जिला प्रशासन के दल द्वारा समाजसेवियों के साथ कॉलेज रोड से जनजागरूकता मार्च भी निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। मार्च में दुकानदारों से एवं आम नागरिकों से वैक्सीनेशन की अपील की गई। जागरूकता मार्च के दौरान बाजार के नम्कीन विक्रेताओं ने आगे आ कर यह पहल थी कि वे दुकान पर आने वाले ग्राहकों वैक्सीनेशन की अपील करेंगे और वैक्सीनेशन के दोनों डोज होने पर ही सामग्री देंगे। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर में नागरिकों ने वैक्सीनेशन के प्रति अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए नागरिक उपस्थित होकर स्वयं पहल कर रहे हैं।

नव-भारत
14-11-2021

हाडा आदि उपस्थित थे।

## वैक्सीनेशन: जनजागरूकता का संदेश

रतलाम. वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शहर के लोग अब अपील करने लगे है। वैक्सीनेशन की अपील के संबंध में पोस्टर भी लगाए गए हैं। विभिन्न व्यापारिक संस्थानों, मल्टीप्लेक्स, प्रतिष्ठानों द्वारा ग्राहकों से अपील भी की जा रही है कि वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक रहे। प्रशासन के दल ने शनिवार को समाजसेवियों के साथ कॉलेज रोड से जनजागरूकता मार्च भी निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरा। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर में नागरिकों ने वैक्सीनेशन के प्रति अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए नागरिक उपस्थित होकर स्वयं पहल कर रहे हैं। पत्रिका

14-11-2021

मेगा कैंप • 143.36 करोड़ के लोन बांटे, सबसे ज्यादा 55.54 करोड़ रुपए के लोन एमएसएमई को

# कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को गति देने की तैयारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बरबड़ रोड स्थित विधायक सभागृह में शनिवार को क्रेडिट आउटरीच अभियान के तहत मेगा कैंप हुआ। 143.36 करोड के लोन बांटे। सबसे ज्यादा 55.54 करोड़ का लोन एमएसएमई को मिला। मुख्य अतिथि प्रदेश के सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, विशिष्ट अतिथि विधायक शहर चेतन्य काश्यप, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी तथा सीईओ एमवी राव, बैंक के फील्ड जनरल मैनेजर एसडी माहुरकर तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शामिल हुए। कैंप में शासकीय योजनाओं की जानकारी दी और स्टॉल लगाई। स्टॉलों को अतिथियों और अफसरों ने देखा।

सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने प्रधानमंत्री जनधन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा यह केंद्र सरकार का दूरगामी सोच वाला कदम था। जीरो बैलेंस पर खाते खोलने की योजना से हो गया है कि आम आदमी तक सरकार की मदद सीधे पहुंच रही है। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा क्रेडिट आउटरीच जैसे कार्यक्रम दर्शा रहे हैं कि शासन द्वारा आमजन की भलाई के लिए उनके बीच जाकर कार्य किया जा रहा है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एम.वी. राव ने कहा भारत सरकार ने बैंकों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम शुरू किए हैं। कोरोना काल में ठप हुए रोजगार से निर्मित स्थिति में बैंकों द्वारा प्रदत्त सेवाओं को सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया। एक कार्य योजना के तहत क्रेडिट आउटरीच जैसे कार्यक्रम प्रदेश के 52 जिलों तथा 313 ब्लॉक में आयोजित किए जा रहे हैं जिनके माध्यम से कोरोना के बाद की अर्थव्यवस्था को नई गति तथा पुनर्जीवन देना है। बैंककर्मियों ने सरकार की सहायता को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य किया।



कार्यक्रम के दौरान लगी स्टॉल का निरीक्षण करते मंत्री, विधायक एवं बैंक के एमडी।

छोटे व्यवसायियों के साथ-साथ मेक इन इंडिया के अंतर्गत नए उद्योग और कृषि के क्षेत्र में कई कार्यक्रम और योजनाएं बैंकों के माध्यम से प्रारंभ की है। आरबीआई की महत्वपूर्ण भूमिका रखी गई है। इससे आने वाले समय में अर्थव्यवस्था में कई बड़े बदलाव नजर आएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी का रतलाम कार्यक्रम में आना गौरव की बात है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जिले की लीड बैंक है। रतलाम शहर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। 8 लेन एक्सप्रेस निर्माण के पश्चात रतलाम जिले के विकास को नए आयाम प्राप्त होंगे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड जनरल मैनेजर एस.डी. माहुरकर ने कहा कि शासन की नीतियों के कारण आज बैंकें स्वयं हितग्राहियों को लाभ देने के लिए उनके बीच पहुंच रही है। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर बी.आर. राम कृष्णा नायक, लीड बैंक मैनेजर दिलीप सेठिया, पूर्व लीड बैंक मैनेजर हिम्मत गेलड़ा सहित बैंकों के अफसर मौजूद थे। भास्कर

## किसे-कितना लोन बांटा

- 100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों को 7. 87 करोड़ रुपए।
- सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम के 336 लोगों को 55.54 करोड़ रुए।
- रिटेल के तहत 99 को 49. 92 लाख करोड़ रुपए।
- कृषि क्षेत्र के 606 को 21.81 करोड़ रुपए
- पीएम मुद्रा में 131 को 5. 50 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर में 66 को 12 लाख रुपए।

दै. भास्कर
14/11/2021

# योजनाओं के तहत हितग्राहियों को 143.36 करोड़ का ऋण वितरित

रतलाम। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के तत्वावधान में रतलाम बरबड़ विधायक सभागृह पर शनिवार को क्रेडिट आउटरीच अभियान के तहत

## ▶ अभियान के तहत मेगा कैंप संपन्न, मंत्री हुए शामिल

मेगा कैंप आयोजित हुआ। कैंप में शासन की कल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को 143.36 करोड रुपए के ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के प्रदेश के सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी तथा सीईओ एमवी राव, बैंक के फील्ड जनरल मैनेजर एसडी माहुरकर तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शामिल हुए।



कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर बीआर रामकृष्ण नायक जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया, शासकीय अधिकारी विभिन्न बैंकों के अधिकारी कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कृषकगण आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री सकलेचा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की और लगातार अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री जनधन अभियान का उल्लेख करते हुए श्री सकलेचा ने कहा कि यह केंद्र सरकार का दूरगामी सोच वाला एक कदम था। जीरो बैलेंस पर खाते खोलने की योजना से अब यह हो गया है कि आम आदमी तक सरकार की मदद सीधे पहुँच रही है। विधायक काश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्रेडिट आउटरीच जैसे कार्यक्रम यह दर्शा रहे हैं कि शासन द्वारा आमजन की भलाई के लिए उनके बीच जाकर कार्य किया जा रहा है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के राव ने कहा कि भारत सरकार ने बैंकों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम प्रारम्भ किए हैं। कोरोना काल में ठप्प हुए रोजगार से निर्मित स्थिति में बैंकों द्वारा प्रदत्त सेवाओं को सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। 8 लेन एक्सप्रेस निर्माण के पश्चात रतलाम जिले के विकास को नए आयाम प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने आग्रह किया कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं के तहत आमजन को लाभ दिलवाने के लिए बैंक अपनी ऋण प्रक्रिया को और आसान बनाएं।

## 100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूह लाभांवित

रतलाम में आयोजित मेगा कैंप में ऐतिहासिक रूप से 143.36 करोड़ रुपए के विभिन्न वर्गों को बैंकों द्वारा अतिथियों के हाथों वितरित कराए गए। जिले के 100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों को 7 करोड़ 87 लाख रुपए के ऋण प्रदान किए गए। इसी तरह सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम के तहत 336 हितग्राहियों को 55 करोड़ 54 लाख रुपए के ऋण वितरण किए गए। रिटेल के तहत 99 हितग्राहियों को 49 करोड़ 92 लाख के, कृषि क्षेत्र के 606 हितग्राहियों को 21 करोड़ 81 लाख रुपए, के, पीएम मुद्रा में 131 हितग्राहियों को 5 करोड़ 50 लाख रुपए के, मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर में 66 हितग्राहियों को 12 लाख रुपए के ऋण वितरित किए गए।

नवभारत

नवभारत
14-11-2021

# अब कॉमर्स कॉलेज के पीछे बनाया जाएगा ऑडिटोरियम, बिबड़ौद में नई जेल बनेगी

## रि-डेंसिफिकेशन : 119 करोड़ की योजना पर जिला समिति की स्वीकृति

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के विकास को नई रफ्तार देने वाली रि-डेंसिफिकेशन योजना के 119 करोड़ के विकास कार्य के प्रस्ताव जिला समिति ने मुहर लगा दी है। सारे काम विधायक चेतन्य काश्यप की प्लानिंग के मुताबिक होंगे। इनमें बिबड़ौद में नई सर्किल जेल बनेगी। वहीं सांस्कृतिक व साहित्यिक सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए एक हजार दर्शक क्षमता वाला ऑडिटोरियम कॉमर्स कॉलेज के पीछे बनेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की मौजूदगी में हुई बैठक में रतलाम के अलावा जावरा और सैलाना के प्रस्ताव अनुमोदित किए।

### शहर में रि-डेंसिफिकेशन योजना में होंगे ये काम

- **जेल :** सागोद रोड बिबड़ोद में नई सर्किल जेल 30.40 हेक्टेयर में बनेगी। इस पर 6267 लाख रुपए खर्च होंगे। वर्तमान जेल की 1.7038 हेक्टेयर भूमि पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। नई जेल में मुख्य भवन, जेल विभाग के 76 आवासगृहों तथा परिसर के चारों और कांक्रीट की बाउंड्रीवॉल बनेगी।
- **ऑडिटोरियम :** यह कॉमर्स कॉलेज के पीछे बनेगा। 1000 दर्शक क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनाने पर 1425 लाख खर्च होंगे। पहले यह बंजली में बनाया जाना प्रस्तावित था।
- **सीसी रोड :** नागरिक विश्रांति गृह से शहर सराय तिराहे तक 325 लाख से सीमेंट कांक्रीट सड़क बनेगी।
- **कमर्शियल :** सैलाना रोड पर सर्वे नंबर 278 में से 0.30 हेक्टेयर भूमि का वाणिज्य उपयोग किया जाएगा।
- **सैलाना :** विश्रामगृह की 0.87 हेक्टेयर भूमि तथा परियोजना कार्यालय की 0.50 हेक्टेयर भूमि का वाणिज्यिक उपयोग करने, 1968 लाख से नया विश्रामगृह, नवीन तहसील, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, प्रशासकीय संकुल व आवासगृह बनेंगे।

दै. भास्कर
14-11-2021

सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, विधायक चेतन्य काश्यप सहित अन्य रहे मौजूद

# क्रेडिट आउटरीच : 143.36 करोड़ के ऋण वितरित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. क्रेडिट आउटरीच अभियान के तहत शनिवार को रतलाम में मेगा कैंप आयोजित हुआ। इसमें शासन की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को 143.36 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत कराए गए। बरबड़ विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा तथा विशिष्ट अतिथि विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप रहे।

मेगा कैंप में 143.36 करोड़ रुपए के विभिन्न वर्गों को बैंकों द्वारा अतिथियों के हाथों वितरित कराए गए। जिले के 100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों को 7 करोड़ 87 लाख रुपए का ऋण, सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम के तहत 336 हितग्राहियों को 55 करोड़ 54 लाख रुपए का ऋण, रिटेल में 99 हितग्राहियों को 49 करोड़ 92 लाख, कृषि क्षेत्र के 606 हितग्राहियों को 21 करोड़ 81 लाख रुपए, पीएम मुद्रा में 131 हितग्राहियों को 5 करोड़ 50 लाख रुपए, मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर में 66 हितग्राहियों को 12 लाख रुपए के ऋण वितरित किए गए।

सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने प्रधानमंत्री जनधन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार का दूरगामी सोच वाला एक कदम था।



जीरो बैलेंस पर खाते खोलने की योजना से अब यह हो गया है कि आम आदमी तक सरकार की मदद सीधे पहुंच रही है। उन्होने रतलाम विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर के काम की सराहना की। दोनों के प्रयासों और कार्य एवं गतिशीलता से रतलाम में विकास के नए आयाम छुएगा।

उन्होंने चेतन्य काश्यप फाउन्डेशन द्वारा पूर्व में रतलाम के परिवारों को रोजगार देने, उनको घर उपलब्ध कराने जैसे अच्छे कार्यों का भी जिक्र किया। सकलेचा ने कहा कि प्रदेश के हर एक जिले में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योगों का जाल बिछाया जाएगा। मंत्री ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एम.वी. राव कार्यक्रम में उपस्थित हैं।

## बैंक ऋण प्रक्रिया आसान बनाए

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी ने कहा कि भारत सरकार ने बैंकों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम प्रारम्भ किए हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी का रतलाम आना गौरव की बात है। 8 लेन एक्सप्रेस निर्माण के बाद जिले के विकास को नए आयाम प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत आमजन को लाभ दिलवाने के लिए बैंक अपनी ऋण प्रक्रिया को और आसान बनाएं।

## यह रहे मौजूद

बैंक के फील्ड जनरल मैनेजर एस.डी. माहुरकर, रीजनल मैनेजर बी.आर. रामकृष्ण नायक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया, शासकीय अधिकारी, विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं किसान आदि उपस्थित थे।

पत्रिका

पत्रिका
14-11-2021

# शहर में ऑडिटोरियम बनेगा, नवीन जिला जेल बिबड़ोद में बनाई जाएगी

## रीडेंसीफिकेशन के तहत शहर में करेंगे 119 करोड़ रुपए के नवीन निर्माण, जिला समिति द्वारा प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन अनुमोदित



प्रतारण न्यूज़ • रतलाम

रीडेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला समिति की बैठक गत दिवस कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में रतलाम सहित जावरा तथा सैलाना मै रीडेंसीफिकेशन के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन अनुमोदित किए गए। रतलाम शहर में 119 करोड़ रुपए के नवीन कार्य रीडेंसीफिकेशन योजना के तहत किए जाना है, अनुमोदित कई सारे कार्यों से विधायक चेतन्य काश्यप की मंशानुसार शहर के विकास को गति मिलेगी एवं व्यापार व्यवसाय ऊंचाइयों पर पहुंचेगा, समृद्धि बढ़ेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी अनुरागसिंह, हाउसिंग बोर्ड के उज्जैन उपायुक्त प्रबोध पराते, इंदौर उपायुक्त वाइ.के. दोहरे, हाउसिंग बोर्ड कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, सहायक यंत्री बी.एस. सिसोदिया, नगर एवं ग्राम निवेश के उपसंचालक सी.एल. वर्मा आदि उपस्थित थे।

बैठक में जिन प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदनों का अनुमोदन किया गया है वे सैद्धांतिक सहमति के लिए शासन को भेजे जा रहे हैं। इसके पश्चात डीपीआर बनेगी, निविदा पश्चात कार्य प्रारंभ होंगे। मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल मॉनिटरिंग एजेंसी रहेगा। प्रस्ताव के अनुसार सागोद रोड बिबड़ोद में नवीन जेल बनाई जाएगी। बताया गया कि वर्तमान जेल परिसर की 1.7038 हेक्टेयर भूमि वाणिज्य उपयोग में ली जाएगी। सागोद रोड बिबड़ोद में 30.40 हेक्टेयर भूमि का उपयोग करते हुए 6276 लाख रुपए लागत से नवीन जेल के मुख्य भवन, जेल विभाग के 76 आवासगृहों तथा परिसर के चारों और कंक्रीट की बाउंड्रीवाल बनेगी। एक और प्रस्ताव में रतलाम शहर के लिए 1425 लाख रुपए लागत से 1000 दर्शक क्षमता वाले ऑडिटोरियम निर्माण की प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। ऑडिटोरियम कामर्स कालेज के पीछे बनाया जाएगा। नागरिक विश्रांति गृह से शहर सराय तिराहे तक 325 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया।

नवीन जेल निर्माण के संदर्भ में बताया गया कि वर्तमान जेल भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में संचालित है। जेल गतिविधियों के लिए अपर्याप्त हैं। भूमि शहर के सघन आवासीय एवं वाणिज्य क्षेत्र में आती है। इसके अलावा सैलाना रोड पर सर्वे नंबर 278 में से 0.30 हेक्टेयर भूमि का उपयोग वाणिज्य रूप में किया जाना है। शहर में राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए शासकीय आवासगृहों का निर्माण भी किया जाएगा जिनकी लागत 2356 लाख रुपए होगी। इनमें 10 ई-टाइप, 48 एफ टाइप तथा 48 जी टाइप क्वार्टर होंगे।

बैठक में सैलाना के विश्रामगृह की 0. 87 हेक्टेयर भूमि तथा परियोजना कार्यालय सैलाना की 0.50 हेक्टेयर भूमि का वाणिज्यिक उपयोग करने, सैलाना में अन्य स्थान पर 1968 लाख रुपए की लागत से नवीन विश्रामगृह, नवीन तहसील, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, प्रशासकीय संकुल तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए आवासगृहों के निर्माण प्रस्ताव भी अनुमोदित किए गए।

बैठक में जिले की जावरा उप जेल परिसर के भवनों के जीर्ण शीर्ण होने, जेल गतिविधियों के लिए अपर्याप्त होने, सघन आवासीय एवं वाणिज्य क्षेत्र में आ जाने से रीडेंसीफिकेशन की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए उप जेल की भूमि वाणिज्य उपयोग में लेने तथा नवीन जेल परिसर ग्राम भूतेड़ा में 5.50 हेक्टेयर मे निर्माण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। संपूर्ण जेल परिसर तथा शासकीय आवासों के निर्माण पर लगभग 22 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इसके अलावा जावरा में 300 दर्शक क्षमता वाले आडिटोरियम निर्माण के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया है जो 6 करोड रुपए में बनेगा।

14-11-2021

# शहर में ऑडिटोरियम, नवीन जेल बिबड़ोद में बनेगी

रतलाम। रीडेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में रतलाम सहित जावरा तथा सैलाना मै रीडेंसीफिकेशन के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन अनुमोदित किए गए।

शहर में 119 करोड रुपए के नवीन कार्य रीडेंसीफिकेशन योजना के तहत किए जाना है। बैठक में जिन प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदनों का अनुमोदन किया गया है वे सैद्धांतिक सहमति के लिए शासन को भेजे जा रहे हैं। इसके पश्चात डीपीआर बनेगी, निविदा पश्चात कार्य प्रारंभ होंगे। मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल मॉनिटरिंग एजेंसी रहेगा। प्रस्ताव के अनुसार सागोद रोड बिबड़ोद में नवीन जेल बनाई जाएगी। बताया गया कि वर्तमान जेल परिसर की 1.7038 हेक्टेयर भूमि वाणिज्य उपयोग में ली जाएगी। सागोद रोड बिबड़ोद में 30.40 हेक्टेयर भूमि का उपयोग करते हुए 6276 लाख रुपए लागत से नवीन जेल के मुख्य भवन, जेल विभाग के 76 आवासगृहों तथा परिसर के चारों और कंक्रीट की बाउंड्रीवाल बनेगी। एक और प्रस्ताव में रतलाम शहर के लिए 1425 लाख रुपए लागत से 1000 दर्शक क्षमता वाले ऑडिटोरियम निर्माण की प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। ऑडिटोरियम कामर्स कालेज के पीछे बनाया जाएगा। नागरिक विश्रांति गृह से शहर सराय तिराहे तक 325 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया। शहर में राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए शासकीय आवासगृहों का निर्माण भी किया जाएगा जिनकी लागत 2356 लाख रुपए होगी। इनमें 10 ई-टाइप, 48 एफ टाइप तथा 48 जी टाइप क्वार्टर होंगे। बैठक में सैलाना के विश्रामगृह की 0. 87 हेक्टेयर भूमि तथा परियोजना कार्यालय सैलाना की 0.50 हेक्टेयर भूमि का वाणिज्यिक उपयोग करने, सैलाना में अन्य स्थान पर 1968 लाख रुपए की लागत से नवीन विश्रामगृह, नवीन तहसील, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, प्रशासकीय संकुल तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए आवासगृहों के निर्माण प्रस्ताव भी अनुमोदित किए गए। बैठक में जिले की जावरा उप जेल परिसर के भवनों के जीर्ण शीर्ण होने, जेल गतिविधियों के लिए अपर्याप्त होने, सघन आवासीय एवं वाणिज्य क्षेत्र में आ जाने से रीडेंसीफिकेशन की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए उप जेल की भूमि वाणिज्य उपयोग में लेने तथा नवीन जेल परिसर ग्राम भूतेड़ा में 5.50 हेक्टेयर मे निर्माण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। संपूर्ण जेल परिसर तथा शासकीय आवासों के निर्माण पर लगभग 22 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इसके अलावा जावरा में 300 दर्शक क्षमता वाले आडिटोरियम निर्माण के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया है जो 6 करोड रुपए में बनेगा। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी अनुरागसिंह, हाउसिंग बोर्ड के उज्जैन उपायुक्त प्रबोध पराते, इंदौर उपायुक्त वाइ.के. दोहरे, हाउसिंग बोर्ड कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, सहायक यंत्री वीएस सिसोदिया, नगर एवं ग्राम निवेश के उपसंचालक सीएल वर्मा आदि उपस्थित थे।

14-11-2021

नेहरू स्टेडियम का स्वरूप बदला • स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स योजना में बदलाव के बाद सिर्फ पैवेलियन का काम होगा

# पैवेलियन तैयार, बाउंड्रीवॉल बनने में लगेगा डेढ़ महीने का समय

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के खिलाड़ियों के लिए राहतभरी खबर है। नेहरू स्टेडियम का स्वरूप बदल रहा है। पैवेलियन तैयार हो चुका है, ऐसे में स्टेडियम खूबसूरत लगने लगा है। हालांकि, अभी स्टेडियम का काम बाकी है। बाउंड्रीवॉल बनना शुरू हो गई है। काम पूरा होने में एक से डेढ़ महीने तक लग सकते हैं।

नेहरू स्टेडियम शहर का सबसे प्रमुख स्टेडियम है। काम में देरी से लगातार खिलाड़ियों में नाराजगी हो रही थी। हालांकि, इस स्टेडियम में बहुमंजिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना थी, जिसमें 3.64 करोड़ के खर्च से जमीन तल के अलावा तीन मंजिला सभी खेलों की सुविधा वाला कॉम्प्लेक्स बनना था, लेकिन इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया। अब पैवेलियन में टीन शेड लगाकर नया स्वरूप दिया है। इससे स्टेडियम की खूबसूरती बढ़ी है।



नेहरू स्टेडियम का स्वरूप अब कुछ इस तरह बदला हुआ दिख रहा है। फोटो - चिंटू मेहता

## 650 खिलाड़ी जुटे, ठंड में और बढ़ेगी संख्या

इधर, नेहरू स्टेडियम से करीब 650 खिलाड़ी जुड़े हैं। ठंड में मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या में इजाफा होगा। आसपास के इलाकों के ज्यादातर लोग यहां मॉर्निंग वॉक करने आते हैं। ऐसे में काम जल्द पूरा होना जरूरी है।

## बाउंड्रीवॉल का काम शुरू कर दिया है

*बाउंड्रीवॉल का काम चालू कर दिया है। इसे पूरा होने में 1 महीना लगेगा। पैवेलियन का काम हो गया है।*

**मो. हनीफ शेख,**
सिटी इंजीनियर, रतलाम

14-11-2021

# धोलावड़ रोड पर एक अवैध कालोनी में तोड़े निर्माण

**रतलाम।** शहर में अवैध कालोनियों को लेकर की जा रही कार्रवाई में शनिवार को धोलावड़ रोड पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाए गए।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि अवैध कालोनाइजेशन के तहत एफआइआर दर्ज कराने के साथ निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रुपये प्रति घंटे के मान से राशि वसूली जाएगी। एफआइआर के लिए प्रारूप भी बन गए हैं। नगर निगम संभवत: सोमवार से एफआइआर दर्ज कराना शुरू कर देगा। जिला, निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को धोलावड़ रोड पर सर्वे क्रमांक 773/3, 775/4, 776/1 व 776/2 रकबा 1.125 हेक्टेयर भूमि पर भूमि पर सुनील-बंशीलाल गांधी, राजेश-बाबूलाल कटकानी, पंकज-समीरमल व अरुणा पत्नी विजेंद्र पितलिया द्वारा अवैध कालोनी का निर्माण कर 200 बाय 8 मीटर की सीमेंट-कंक्रीट व कालोनी की 350 मीटर बाउंड्रीवाल बना ली थी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में राजस्व निरीक्षक, पटवारी व कार्यपालन यंत्री, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी आदि की उपस्थिति में दो पोकलेन, एक जेसीबी व डंपर ट्रैक्टर से निर्माण तोड़े गए।

**निगम सोमवार से शुरू करेगा कंपाउंडिंग अभियान**

शहर में रहवासी, व्यावसायिक क्षेत्रों में निगम से अनुमति लेने के बाद अनुमति विपरीत अधिक निर्माण करने पर भी निगम अब कंपाउंडिंग के लिए अभियान चलाएगा। शासन द्वारा नए नियमों के अनुसार 30 प्रतिशत तक कंपाउंडिंग करने का अभियान चलाएगा। आयुक्त ने बताया कि अवैध व अविकसित कालोनियों को छोड़कर कंपाउंडिंग की जाएगी। अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई जारी रहेगी।



धोलावड़ रोड पर अवैध निर्माण तोड़ती हुई पोकलेन। • नईदुनिया

## नियमितीकरण को लेकर विधायक ने की थी चर्चा

मालूम हो कि शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा कर अवैध कालोनियों में निर्माण तोड़ने से पहले नियमितीकरण की संभावना पर ध्यान देने की बात कही थी। इससे माना जा रहा था कि कार्रवाई से पहले परीक्षण किया जाएगा, लेकिन शनिवार को धोलावड़ रोड पर हुई कार्रवाई से नियमितीकरण की संभावना खत्म हो गई।

**मुकेश सांसरी व भरत जाट जिलाबदर**

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पुलिस थाना कालूखेड़ा अंतर्गत ग्राम रानीगांव निवासी मुकेश पुत्र गंगाराम सांसरी को आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण एक वर्ष के लिए व पुलिस थाना नामली अंतर्गत ग्राम गुणावद निवासी भगत उर्फ भरत पुत्र सुंदरलाल जाट को छह माह के लिए जिलाबदर किया है। जिलाबदर अवधि में आरोपित रतलाम जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती उज्जैन, आगर, धार, झाबुआ तथा मंदसौर जिले की राजस्व सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

नईदुनिया
14/11/2021